





नवभारत 04

शुक्रवार , 24 अक्टूबर , 2025


## एक नजर में

### पुष्टिमार्गिय एवं समस्त वैष्णव संप्रदाय में अन्नकूट का महत्व



**बुरहानपुर।** हजारों वर्ष पूर्व देवराज इन्द्र के प्रकोप से जब ब्रज में अत्यधिक मूसलाधार वर्षा हुई तब बृज वासियो को ध् बृज के गांववालों को बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को सीधे हाथ की सबसे छोटी ऊंगली पर उठाकर भगवान श्री कृष्ण ने सभी भक्तजनों ध् बृजवासियों ए गोप . गोपियों एवं गौ . माताओं को सुरक्षा प्रदान की और इन्द्र का घमंड तोडा तभी से आज तक दिपावली के दुसरे दिन से श्री गोवर्धन पूजा होती है एवं श्री अन्नकूट को उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

भगवान ने सात दिन के पश्चात जब गोवर्धन पर्वत को नीचे रखा और इस प्रकार श्री भगवान ने सभी बृजवासियो को भी सुखपूर्वक बचाया। उसी की खुशी में भगवान को विभिन्न प्रकार के अनाज से बने पकवानों का भोग लगाया और उसी को अन्नकूट के नाम से जाना जाता है। अन्नकूट का शाब्दिक अर्थ होता है अनाज का पहाड या अन्न का मिश्रण जो भगवान् श्री कृष्ण को भोग के रुप में लगाया जाता है जिसे बाद में सभी वैष्णवजनों को प्रसाद के रुप में बांट दिया जाता है।

अन्नकूट का उत्सव प्रतिवर्ष पुष्टिमार्गिय हवेलियों में मनाया जाता है। कुछ वैष्णवजन इस उत्सव को अपने घर पर भी श्रद्धापूर्वक मनाते है।उत्सव के दिन हवेलियों में या घर आंगन में गौमाता के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया जाता है और ठाकुरजी को अनेक प्रकार के अन्न से बने पकवानों का भोग धराया जाता है एवं ठाकुर जी के साथ गोवर्धन पर्वत ए गौमाता की भी पूजा की जाती है। सनातन धर्म में श्री गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट उत्सव का विशेष महत्व है।यह उत्सव दिपावली के दुसरे दिन कार्तिकमाह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को और बाद भी मनाया जाता है। इसी तारतम्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नागझिरी स्थित बुरहानपुर मे राजेन्द्र गुप्ता परिवार के घर पर अन्नकूट उत्सव मनाया जा रहा है।

### श्रमिकों को बोनस भुगतान जरूरी

**बुरहानपुर।** श्रम विभाग द्वारा राज्य में संचालित समस्त कारखानों और वाणिज्यिक संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।ऐसे संस्थान जहां बीस या इससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं और जिनका मासिक वेतन 21 हजार रूपये से कम हैए उन्हें बोनस भुगतान किया जाना जरूरी है। अधिनियम के अनुसार हर लेखा वर्ष में किए गए कार्य के बोनस का भुगतान आगामी लेखा वर्ष में 30 नवंबर तक किया जाना चाहिए।बोनस की राशि 7000 रूपये अथवा 8ण्33ः जो भी अधिक हो वह देय होगी। उप श्रम आयुक्त श्री आशीष पालीवाल ने बताया है कि उक्त बोनस का भुगतान न होने की स्थिति में अपनी शिकायत संबंधित जिला श्रम कार्यालय मेंए एलण्सीएमण् एसण्पोर्टल परए शासन द्वारा संचालित बडीमसचसपदम पोर्टल 181 पर अथवा श्रम विभागीय टोल फ्री नंबर 18002338888 पर दर्ज करवा सकते हैं।

### भगवान् महावीर निर्वाण पर्व पर परस्पर मिलन



**बुरहानपुर।** जैन समाज में दीपावली पर्व 24वें तीर्थंकर भगवान् महावीर स्वामी के निर्वाण कल्याणक ;मोक्ष प्राप्ति एवं उनके प्रमुख शिष्य गणधर श्री गौतम स्वामी के सर्वज्ञत्व.केवलज्ञान प्राप्ति के उपलक्ष्य में श्री शांतिनाथ जैन मंदिर, श्री आदिनाथ जैन मंदिरए श्री महावीर जैन मंदिर में निर्वाण लाडू चढाकर तथा दीप प्रज्वलन कर मनाया गया। सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल के मुख्यातिथ्य में सर्वश्री महावीरप्रसाद दिलीपकुमार पहाड़िया,धरमचन्द पाटौदी,प्रो.सुरेन्द्र जैन भारतीए जम्बूकुमार पहाड़िया, पवनकुमार जैन, विमलकुमार पाटनी, राजेशचान्दमल जैन,डॉ. जितेन्द्र जैन,प्रकाशचन्द ठोलिया,आकाश जैन, आशीष जैन पहाड़िया,कैलाशचन्द पारिक,भगवतीप्रसाद बगड़िया, संतोष पाटनी आदि ने परस्पर बधाई.शुभ कामना संदेश के साथ दीपावली पर्व उत्साह के साथ मनाया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का मोतीमालाओं से अभिनन्दन किया गया।

### मन्नाडे जी की टोपी खास रहेगी कल का आकर्षण

**बुरहानपुर।** पद्म श्री पद्म भूषण दादा साहेब फालके पुरस्कार से सम्मानित विश्व प्रसिद्ध गायक मन्नाडे जी की 12 वी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कल प्रत्येक गायक को उन की पारंपरिक वेश भूषा में ही सच्ची श्रद्धांजलि गीतों के माध्यम से देना होगी इस हेतु सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं। संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी के अध्यक्ष विलास गोसावी ने बताया कि मन्ना दा को तभी सच्ची श्रद्धांजलि हो सकती हैं तब उन का लिबाज पहनकर गीत प्रस्तुत किया जाय।कार्यक्रम के सहभागी प्रदीप तिवारी एवं सैयद शकील मुन्ना भाई एवं पूरी टीम ने इस हेतु संपूर्ण तैयारिया पूर्ण कर ली है।कल शाम 24 अक्तूबर 2025 को ठीक 6 बजे से कार्यक्रम संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी कार्यालय शिकारपुरा बुरहानपुर पुराना आयुर्वेदिक कॉलेज में आयोजित किया गया है।

### घाघरला में विवाद,लाठी डंडों से एक- दूसरे पक्ष ने किया हमला, 8 लोग घायल

**बुरहानपुर।** ग्राम घाघरला में एक मामूली विवाद ने विकराल रूप ले लिया।जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि किशन धाड़े ने बताया सार्वजनिक रूप से आयोजित ग्राम बैठक में सरपंच रतन पटेल द्वारा अपशब्द कहे गए। इसके बाद विवाद की स्थिति बनी।कुछ देर में दोनों पक्षों के समर्थक आमने सामने आ गए और एक दूसरे पर लाठी,डंडे, पत्थरों से हमला कर दिया।इस दौरान करीब 8 लोग घायल हुए।घायल सूरज ने बताया हम घर पर बैठे हुए थे तभी हम पर पत्थर और लाठी से हमला किया गया।वहीं घटना की सूचना मिलते ही नावरा चौकी प्रभारी हेमेंद्र चौहान मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा ,जहां उनका इलाज जारी है।पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में संपूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस

**बुरहानपुर।** 29 वे राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 के आयोजन के संबंध में गौरव पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी बुरहानपुर द्वारा बताया गया है कि 29 वे राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 अंतर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में संपूर्ण देश में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में युवा एकीकरण कला और सांस्कृतिक आदान.प्रदान को बढ़ाया

## किसानों की फसल बीमा एवं एमएसपी को लेकर विशाल रैली, धरना शुरू




**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जिले की मुख्य फसल केला को 2019 से बंद फसल बीमा को तत्कालविभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्र के केला फसल किसान कइ महिनो से आक्रोशीत होकर लगातार ज्ञापन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करते रहे। अंततः बडता आक्रोश ने बडे आंदोलन का रूप ग्रहण कर लिया। इस आंदोलन को सभी राजनितिक दलो का समर्थन मिला और भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में अर्ध नग्न होकर खकनार के किसानो के साथ जिलेभर के किसानो के समर्थन ने विशाल स्वरूप प्रदान कर दिया। रैली में हजारो किसान ट्रेक्टर ट्राली लेकर किसानो के साथ शामील हो गए , एक कारवाबनकर बुरहानपुर के शिकारपुरा से शनवारा और कलेक्टर कार्यालय होते हुवे रेणुका कृष्पि उपज मंडी में धरना प्रारम्भ कर दिया ।जो जारी है।

खकनार के किसान किशोर वासनकर द्वारा केले की फसल का उचित दाम नही मिलने एवं केला फसल बिमा योजना लागु नही किए जाने के विरोध में चलाए जा रहे आंदोलन ने गुरूवार को बडा रूप ले लिया । जिले के किसानो ने अर्धनग्न होकर फसल बिमा योजना एंव एमएसपी पर केला खरदी को लेकर विशाल रैली निकाली ,इस रैली में बडी संख्या में टेक्टर,मोटर सायकल,चार पहिया वाहन एवं पैदल हजारो किसानो एकत्रित हाकर प्रदेश की सरकार के खिलाफ बिगुल बजा दिया।

पुराने आरटीओ बैरियर के समीप से निकाली गई यह रैली में किसान भारी आक्रोशीत नजर आए। उनके द्वारा नारेबाजी करते हुवें शनवारा चौराहा पर बैठ जोन से कुठ समय के लिए जाम की स्थिती निर्मित हो गई। यहां से रैली कलेक्टर कार्यालय पहुची जहां पर आक्रोशीत किसानो ने मुख्य द्वार धक्का देकर खोल दिया,वही कार्यालय के द्वारा पर भी बैरीकेटिंग के चलते उसे भी हटाते हुवे किसान कार्यालय में घुसने लगे ,इस दौरान कांच का द्वारा टुटकर बिखर गया। यहां से किसान रैली रेणुका कृषि उपज मंडी पुहूचकर धरना प्रदर्शन में परिवर्तित हो गई। घरना प्रदर्शन में भारतीय किसान संघ के पदाधीकारी,कार्यकर्ता, कॉग्रेस ,भाजपा सहित अन्य राजनितिक दलो के जनप्रतिनिधीयों ने बडचडकर हिस्सा लिया।

घरना प्रदर्शन स्थल पर किशोर वासनकर सहित अनेक किसानो ने जमकर सरकार के विरूद्ध आक्रोश व्यक्त किया। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष संतोष महाजन ने बताया कि संघ 2019 से केले की फसल का बीमा कराने की मांग कर रहा है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि बुरहानपुर जिला एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत केले के लिए चिह्नित है, फिर भी फसल बीमा का लाभ नहीं मिल रहा है। इसलिए किसानों ने फसल बीमा और न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया।

खकनार के किसान किशोर वासनकर ने दीपावली से दो दिन पहले अपनी शर्ट और चप्पल उतार दी थी। उनका कहना है कि जब तक किसानों को केले का फसल बीमा और एमएसपी पर फसल खरीद की सुविधा नहीं मिलती तब तक वे कपड़े और चप्पल नहीं पहनेंगे। उन्होंने यह प्रण किसानों की बदहाली को उजागर करने के लिए लिया है। वासनकर के अनुसार पूरे भारत में किसानों को फसल बीमा का लाभ मिल रहा है, लेकिन बुरहानपुर जिले में 2018 से केले की फसल का बीमा बंद कर दिया गया है। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दीपावली जैसे त्योहार पर भी किसानों के पास अपने और बच्चों के लिए नए कपड़े और पटाखे खरीदने के पैसे नहीं रहे।

इसी समस्या को लेकर 2 दिवस पुर्व मंगलवार को भी खकनार में विशाल रैली निकालकर तहसीलदार जितेंद्र अलावा को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने और केले की फसल का बीमा बहाल करने की मांग की गई थी।



## श्री सकलपंच गुजराती मौढ़ वणिक समाज का पंखुड़ी गरबा रास आयोजन




**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** श्री सकलपंच गुजराती मोढ़ वणिक समाज ट्रस्टए बुरहानपुर' द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली पश्चात नववर्ष के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय 'पंखुड़ी गरबा रास उत्सव' का आयोजन समाज वाड़ीए शनवारा में किया जाता है। इस आयोजन में बच्चेए युवा एवं वरिष्ठजन उत्साहपूर्वक माता की उपासना में गरबा करते हैं।

इसी दौरान समाज के प्रतिष्ठित सदस्य सोमेश्वर सीतारामजी चौधर, आनंद अशोकजी भगत, उमेशकुमार पुरुषोत्तमदास शाह, रमेशचंद्र द्वारकादास गुप्ता, सुरेंद्र गजानन पूनीवाला,श्रीमति ममता सुरेशचंद्र शाह, राहुल मुरलीधर शाह,रितेश भगवानदास शाह,डॉ.सुरेखा पूनीवाला का समाज ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा शाल,श्रीफल एवं माला द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया।

समाजजनों ने इस गरबा रास उत्सव को माँ बहुचरा की कृपा से एकताए भक्ति और उत्साह का प्रतीक बताया। आयोजन समिति ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### जिले की 1 लाख 29 हजार 770 बहनाओं के खाते में राशि अंतरित



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** 23 अक्टूबर भाई.दूज के पावन पर्व के अवसर परए मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने लाड़ली बहनाओं के बैंक खातें में उपहार स्वरूप 250६. रूपये की राशि अंतरित की।

मुख्य कार्यक्रम का लाईव प्रसारण जिला स्तरए परियोजना स्तर एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वेब कास्ट के माध्यम से अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा देखा व सुना गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी देते हुये बताया किए जिले की 1 लाख 29 हजार 770 बहनाओं के खाते में राशि अंतरित की गयी है।

### डॉ.सुरेन्द्र जैन की 15 पुस्तकों का एक साथ विमोचन

**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** कर्मयोगी डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती ऐसे रचनाकार हैं जो बिना थके, बिना रुके निरंतर साहित्य सृजन करते रहते हैं। उनमें लेखक के साथ सम्पादन कला का विशेष गुण है। इसका उदाहरण इसी बात से जाना जा सकता है कि इन्होंने जगत् पूज्य श्रमणशिरोमणि निर्यापक मुनिपुङ्गव श्री सुधासागर जी महाराज के प्रवचनों को पन्द्रह भागों में जिनवाणी सुधासागर नाम से सम्पादित कर लगभग छह हजार पृष्ठों की सामग्री प्रकाशित की है। यह विचार क्षुल्लक गौरव श्री गंभीरसागर जी वर्णी महाराज ने अशोकनगर में डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती द्वारा सम्पादित जिनवाणी सुधासागर की पन्द्रह पुस्तकों के एक साथ विमोचन समारोह में व्यक्त किये। श्री दिगम्बर जैन पंचायत अशोकनगर के पदाधिकारियों. राकेश जैन कांसल, राकेश जैन अमरोद, बाल ब्रह्मचारी प्रदीप जैन सुयश प्रतिष्ठाचार्य आदि ने इन कृतियों का विमोचन किया। संचालन श्री विजय धुर्रा ने किया।

**स्कूली बच्चों द्वारा रांगोली:-** जैन हैप्पी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दीपावली पर स्कूल परिसर में रांगोली बनाकर दीपावली पर्व की खुशियां मनायी ।वासुदेव खरचे, अश्विनी महाजन, ज्योति पवार, पूजा छत्रे आदि शिक्षक.शिक्षिकाओं ने उन्हें प्रोत्साहित किया।संस्थापक. डॉ. भारती ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।



## बूथ स्तर तक होगी मन की बात ,स्वदेशी को आत्मसात करना होगा : डॉ . माने




### मन की बात कार्यक्रम और आत्म निर्भर भारत अभियान को लेकर बैठक

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** देश के प्रधानमंत्री ी नरेंद्र मोदी जी के आगामी कार्यक्रम मन की बात को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बुरहानपुर में जिला टोली की बैठक संपन्न हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉण् मनोज माने ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आगामी कार्यक्रम मन की बात को बुथ स्तर पर व्यापक रूप से क्रियान्वीत करना होगा।बुथ प्रमुख के साथएउसी क्षेत्र के पदाधिकारीएजनप्रतिनिधी एवं कार्यकर्ता भी उसी बुथ पर मन की बात कार्यक्रम में शामील होगें।

उन्होने आत्म निर्भर भारत अभियान को भी जन.जन तक पहुचाने के लिए और आत्मसात करने पर बल दिया। आपने कहा कि स्वदेशी अपनाए और यह भी सुनिश्चीत करे की हमारे द्वारा खरीदारी में कितना स्वदेशी सामान हम सब खरीद रहे है।

बैठक में आत्मनिर्भर भारतएवोकल फॉर लोकल तथा स्वदेशी अपनाओ जैसे राष्ट्रहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

जिला टोली के समस्त पदाधिकारीयों ,कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री जी के प्रेरक विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत से संबंधित सामग्री का मंडल सह वितरण भी किया गया।आइए हम सब मिलकर आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

उक्त जानकारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी राकेश पूर्वे ने देते हुवे बताया कि इस दौरान भाजपा महामंत्री चिंतामन महाजन,सुभानसिह चौहान, उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा चौकसे, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती किरण रायकवार,अजा मोर्चा अध्यक्ष ईश्वर चौहान ,पिछडा वर्ग अध्यक्ष सुनिल वाद्यो, विपुल कानूनगो,कैलाश पारिक, संभाजी सगरे,किशोर राठोर, रूपेश लिहंकर,राजू पाटील,संदीप पाटील,गणेश पाटील,अनिल वानखेड़े, अशोक राठौड़, निलेश सोनी,कारण प्रजापति , गजेंद्र सिंह वर्मा , प्रकाश लोड ,यूराज महाजन ,शिरीष भावसार सहित मण्डल अध्यक्ष चिन्टु राठौर सहित मण्डल अध्यक्ष,जिला पदाधिकारी,मण्डल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### लधवे को बिहार विधानसभा चुनाव में राघोपुर सीट की जिम्मेदारी दी गई

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज लधवे को पार्टी ने दी बड़ी जिम्मेदारी



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज लधवे को बिहार विधानसभा चुनाव में राघोपुर विधानसभा सीट की जिम्मेदारी दी गई है।इस सीट से आरजेडी नेता एवं लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव राजद के प्रत्याशी है। बिहार भारतीय जनता पार्टी की अपेक्षा थी कि तेजस्वी यादव की सीट पर चुनाव अभियान हेतु पार्टी की ओर से अनुभवी एवं चुनावी रणनीति में माहिर नेताओं की नियुक्ति होना चाहिएण् उसी तारतम्य में मनोज लधवे को इस सीट की जवाबदारी प्रदान की गई है।उल्लेखनीय है कोई भी चुनाव होए मनोज लधवे हमेशा भारतीय जनता पार्टी के लिए शुभंकर साबित हुए है। उनके युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष होते हुए जबेरा उपचुनाव की जवाबदारी हो या पिछले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में परभणी जिले का चुनाव हो, मनोज लधवे ने अपनी सटीक व्यूह रचना से इन कठिन सीटों पर पार्टी को जीत दिलाई, मनोज लधवे के जिलाध्यक्ष रहते हुए पार्टी ने सभी चुनावों ऐतिहासिक रूप से शानदार प्रदर्शन किया तथा एक तरफ़ जीत हासिल कर जिले से कांग्रेस का सूपड़ा साफकर दिया।मनोज लधवे के अध्यक्ष बनते ही नेपानगर विधानसभा उपचुनाव, तत्पश्चात लोकसभा उपचुनाव, शाहपुर नगर परिषद, बुरहानपुर व खकनार जनपद में पार्टी ने मनोज लधवे के कुशल नेतृत्व में बड़ी जीत हासिल की। जिला पंचायत चुनाव में तो लधवे के नेतृत्व में पार्टी ने सभी 10 सीटे जीतकर इतिहास रच दिया एवं जिले से कांग्रेस का लगभग खात्मा कर दिया। इसीलिए बूथ स्तर पर चुनावी माइक्रो मैनेजमेंट में माहिर मनोज लधवे की काबिलियत का केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने संज्ञान लेते हुए राघोपुर सीट की जिम्मेदारी उनको दी है।

एक समर्पित सिपाही की तरह पार्टी का आदेश मिलते ही मनोज लधवे ठीक दिवाली के दिन बुरहानपुर से रवाना हो कर बिहार पहुँच चुके हैण् चर्चा में मनोज लधवे ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,मुख्यमंत्री नितीश कुमार की जनकल्याणकारी योजनाओं व स्थानीय कार्यकर्ताओ के अथक परिश्रम से राघोपुर सीट पर भी पार्टी को विजय दिलाने में अवश्य सफल होंगे !

### सीनियर पुरुष खो-खो टीम राज्यस्तरीय प्रतियोगिता हेतु नरसिंहपुर के लिए रवाना

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले की सीनियर पुरुष खो.खो टीम 58वीं राज्यस्तरीय खो.खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज नरसिंहपुर के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है, जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी। जिला बुरहानपुर अमेच्योर खो.खो संघ के सचिव श्री मयूर धाबे ने जानकारी दी कि यह टीम संघ के अध्यक्ष आदित्य वीरसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। श्री ठाकुर ने जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं और युवाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का सपना देखा है। उनके नेतृत्व में खो.खो संघ ने प्रशिक्षण, चयन और प्रतियोगिता की तैयारी में उल्लेखनीय कार्य किया है। टीम के कोच श्री कपिल महाजन और मैनेजर श्री स्वप्निल वराडे के नेतृत्व में खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। टीम की कमान कप्तान गणेश चौधरी को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान की भूमिका नैतिक जरीवाला निभाएंगे। टीम को शुभकामनाएं देने पहुंचे जिला खो.खो संघ के वरिष्ठ सदस्य श्री सुशील माहेश्वरी, उमेशकुमार कोष्ठा,आनंद जाधव,सचिन धाबे, अश्विन काटे एवं अक्षय काटेकर ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता जिले के लिए गौरव का अवसर है।

